नेशनल वन हेल्थ मिशन

[स्रोत: इकॉनोमिक टाइम्स]

हाल ही में **केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री** ने **राष्ट्रीय एक स्वास्थ्य मिशन (National One Health Mission)** की **पहली कार्यकारी समिति** की बैठक की **अध्यक्षता** की।

- इस मिशन को 2022 में **प्रधानमंत्री विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सलाहकार परिषद (Prime Minister's Science, Technology, and Innovation Advisory Council - PM-STIAC)** द्वारा अनुमोदित किया गया था। मिशन का उद्देश्य **मानव और पशु दोनों क्षेत्रों की प्राथमिकता वाली बीमारियों** के खिलाफ **समग्र महामारी** तैयारी तथा एकीकृत रोग नियंत्रण प्राप्त करने में **मंत्रालयों के बीच समन्वय** करना है।
- यह मिशन ['वन हेल्थ'] दृष्टिकोण को संस्थागत बनाने में मदद करेगा।
    - **वन हेल्थ** एक ऐसा दृष्टिकोण है जो यह मानता है कि लोगों का स्वास्थ्य पशुओं और हमारे साझा वातावरण के स्वास्थ्य से निकटता से जुड़ा हुआ है।
- राष्ट्रीय एक स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत प्रमुख प्रयास:
    - **एकीकृत रोग निगरानी लागू करना**
    - पर्यावरण निगरानी प्रणाली
    - मज़बूत प्रकोप जाँच तंत्र विकसित करना
- इस मिशन द्वारा महत्त्वपूर्ण उपकरणों **जैसे कि टीके, निदान और चिकित्सा, नैदानिक देखभाल, विभिन्न क्षेत्रों में डेटा तथा सूचना को सुव्यवस्थित करने** एवं **सामुदायिक भागीदारी** को बढ़ाने के लिये लक्षित **अनुसंधान व विकास** के रूप में तैयारी के **महत्त्वपूर्ण स्तंभों** पर भी ध्यान दिया जाएगा।

//

और पढ़ें: वन हेल्थ

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-one-health-mission